


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 04 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 139 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# मोबाइल का स्याह पहलू

## एक दूसरे का हाथ पकड़कर नौवीं मंजिल से कूद गयीं तीन बहनें




● सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पा रहे

● 10 पेज का लिखा सुसाइड नोट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार रात 2 बजे तीनों बहनें हाथ पकड़कर बालकनी से कूद गईं। गिरने की आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। तीनों बहनों की उम्र 12 से 16 साल के बीच है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा है कि तीनों बहनों को टास्क-बेस्ड कोरियन लव गेम की लत थी। वे कोरोना दौर से ये गेम खेल रही थीं। पिता चेतन ने बताया- 8 से 10 पेज का सुसाइड नोट है। इसमें बेटियों ने सुसाइड और गेम के संबंध में बताया। बेटियों ने लिखा- 'सॉरी पापा, हम गेम नहीं छोड़ सके। कोरियन गेम हमारी जिंदगी, हमारी जान है।' SP अतुल कुमार सिंह ने बताया- लड़कियों की उम्र 12, 14 और 16 साल थी। पिता चेतन ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का काम करते हैं। पुलिस को रात 2:18 बजे सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जिस ऊंचाई से तीनों बच्चियां कूदीं, वहां से जमीन 80 फीट है। तीनों बच्चियां जमीन पर पड़ी मिलीं और गंभीर रूप से घायल थीं। उन्हें एंबुलेंस से लोनी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि ये तीनों बहनें पिछले कुछ महीनों से ऑनलाइन गेम खेलने की आदी हो चुकी थीं। चेतन कुमार, जो ऑनलाइन ट्रेडिंग का काम करते हैं और तीन साल से भारत सिटी सोसायटी में किराये पर रह रहे हैं, उनकी तीन बेटियों की उम्र 16, 14 और 12 वर्ष थी। जानकारी के मुताबिक, चेतन कुमार की तीनों बेटियों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली। चेतन कुमार पत्नी के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे। तीनों बहनों ने अपने कमरे की खिड़की से छलांग लगा दी। पुलिस के अनुसार तीनों बहनें पिछले कुछ माह से ऑनलाइन गेम खेल रही थीं। कोरोना के बाद से तीनों पढ़ाई भी छोड़ चुकी थीं।

### भोपाल में भी छात्र ने दी जान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मोबाइल गेम की लत ने एक मासूम की जिंदगी छीन ली। इस घटना से हर कोई सोच में पड़ गया है कि मोबाइल गेम की लत ने कैसे छात्र को खुदकुशी करने के लिए मजबूर कर दिया। 14 वर्ष के छात्र ने जब यह कदम उठाया तब माता-पिता कहीं तेरहवीं कार्यक्रम में हुए थे। जब वह घर लौटे तो उन्होंने बेटे को फांसी के फंदे पर लटका देखा।

## उधमपुर में जैश के दो आतंकी ढेर, सर्च ऑपरेशन के दौरान सेना ने किया एनकाउंटर

**उधमपुर।** जिला उधमपुर के पहाड़ी व जंगली क्षेत्र में मंगलवार को एक बार फिर सुरक्षाबल और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। यह ऑपरेशन बुधवार को भी जारी रहा, इस बीच सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए थे। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और सीआरपीएफ ने उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में संयुक्त मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। मंगलवार को सुरक्षाबलों को जिला के रामनगर और बसंतगढ़ के बीच ऊपरी व दुर्गम क्षेत्र चिगला बलोता में आतंकियों की संदिग्ध हलचल की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया।

## प्रदेश में घना कोहरा, कई जिलों में बारिश का अलर्ट, ओले की भी चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रविवार से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर मंगलवार को भी देखने को मिला। पश्चिमी जिलों से शुरू हुई बारिश का दायरा बुंदेलखंड, मध्यांचल और अवध क्षेत्र तक फैल गया। मंगलवार तड़के बुंदेलखंड के हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, झांसी और ललितपुर में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। वहीं कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या और रायबरेली में भी मध्यम बारिश हुई। राजधानी लखनऊ समेत अवध के कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलीं, जिससे ठंडक बढ़ गई। उन्नाव, चित्रकूट, हरदोई और इटावा में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी सूचना मिली है।

## सोना 1.58 लाख पर पहुंचा चांदी 2.74 लाख/किलो

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 4 फरवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, आज सर्राफा बाजार में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 6,629 रुपए बढ़कर 1,58,158 रुपए हो गया है। इससे पहले ये 1,51,529 रुपए पर था। सोना दो दिन में 9412 रुपए महंगा हुआ है। चांदी की कीमत आज 9,573 रुपए बढ़कर 2,73,538 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,63,965 रुपए थी। दो दिन में ये 14,038 रुपए बढ़ चुकी है।

## मणिपुर में भाजपा विधायक दल के नेता खेमचंद ने राज्यपाल से मिलकर पेश किया दावा



**इम्फाल।** भाजपा विधायक दल के नेता युमनाम खेमचंद सिंह ने बुधवार को इम्फाल के लोक भवन में राज्यपाल अजय भल्ला से मुलाकात की। एक पोस्ट में भाजपा सांसद संबित पात्रा ने बताया कि सिंह ने राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बनाने का दावा पेश किया है। पोस्ट में लिखा था कि भाजपा मणिपुर विधायक दल के नेता श्री युमनाम खेमचंद सिंह ने आज लोक भवन में मणिपुर के माननीय राज्यपाल अजय भल्ला से मुलाकात की और भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बनाने का दावा पेश किया। एक दिन पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में मणिपुर विधायक दल की बैठक के दौरान युमनाम खेमचंद सिंह को अपना विधायक दल का नेता चुना था। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने भी नवनिर्वाचित विधायक दल के नेता को बधाई दी और उनके सफल और प्रभावशाली कार्यकाल की कामना की।

## यूएस ने मार गिराया ईरानी ड्रोन खामनेई की धमकी से हड़कंप!

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार (6 फरवरी) को दोनों पक्षों के अधिकारियों की ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अन्य मुद्दों पर बैठक होने की उम्मीद है, इसी बीच तेहरान ने अरब सागर से गुजर रहे एक अमेरिकी विमानवाहक पोत की ओर ड्रोन भेजा। जवाब में अमेरिकी सेना ने उसे मार गिराया। अमेरिकी सेना के अनुसार, 3 फरवरी को ईरान के शाहेद-130 ड्रोन ने अरब सागर से गुजर रहे यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत की ओर आक्रामक रूप से हमला किया। यह पोत ईरान के दक्षिणी तट से लगभग 500 मील दूर था। इसके जवाब में अमेरिकी युद्धपोत ने एफ-35सी लड़ाकू विमान से ड्रोन को मार गिराया।

# बंद दरवाजे के पीछे रो रहा इंसाफ : ममता

## सिर्फ नाम हटाने के लिए हो रहा SIR का इस्तेमाल



● सुप्रीम कोर्ट में बंगाल SIR केस में सुनवाई शुरू

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को चुनौती देते हुए भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है। इसपर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत सुनवाई कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान सीएम ममता ने कोर्ट में एसआईआर को लेकर कहा कि न्याय बंद दरवाजों के पीछे रो रहा है। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका पर सुनवाई शुरू हो गई। सुनवाई में शामिल होने खुद ममता बनर्जी पहुंचीं और वकीलों की कतार में सबसे आगे दिखीं. ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा कि मैं इसी स्टेट से हूं मैं एक्सप्लेन कर सकती हूं. उन्होंने सबसे पहले तीनों जजों का अभिवादन किया और फिर आगे कहा कि हमें इंसाफ नहीं मिल रहा। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह ठोस उदाहरण दे रही हैं और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित तस्वीरें भी दिखा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का उपयोग केवल नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। उदाहरण देते हुए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि जब कोई बेटी शादी के बाद अपने ससुराल जाती है, तो सवाल उठते हैं कि वह अपने पति का उपनाम क्यों इस्तेमाल कर रही है। उनके अनुसार, ऐसी कई महिलाओं के नाम एकतरफा तरीके से मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। आगे कहा कि फ्लैट खरीदने या निवास स्थान बदलने वाले गरीब लोगों के नाम भी हटाए जा रहे हैं। सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि इन परिस्थितियों के बावजूद, अधिकारी ऐसे मामलों को 'गलत मानचित्रण' बताकर अदालत के पूर्व निर्देशों का उल्लंघन कर रहे हैं। मैं अपनी पार्टी के लिए लड़ रही हूं. इस पर सीजेआई ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार भी केस लड़ रही है. सिब्बल-गोपाल जैसे लीगल लोग बहस कर रहे हैं। इस पर ममता ने कहा कि जब वकील शुरू से लड़ रहे हों, रिकॉर्ड पर बार-बार बातें रखी जा रही हों, छह बार ECI को लिखा गया हो और एक जवाब तक न मिले तो महसूस होना स्वाभाविक है कि न्याय कहीं पिछले दरवाजे पर अटक गया है।

# पूरा बाजार ही अमेरिका के हवाले कर दिया

## ये डील नहीं, ढील है : अखिलेश यादव



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने हाल ही में अमेरिका के साथ हुए एक कथित समझौते को 'डील' न कहकर 'ढीलापन' करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सौदे के माध्यम से भारत ने अपना पूरा बाजार अमेरिका को सौंप दिया है। यादव ने इस मुद्दे को उठाते हुए विशेष रूप से डेयरी उत्पादों के आयात पर चिंता व्यक्त की, जिसका सीधा संबंध सनातन धर्म के रीति-रिवाजों और व्रतों से जोड़ा। अखिलेश यादव ने इस बात पर जोर दिया कि यदि डेयरी उत्पाद अमेरिका से आयात किए जाएंगे, तो यह सनातनियों और भारतीय लोगों के व्रत रखने की परंपरा पर सीधा असर डालेगा। 'सनातनियों को सोचना होगा कि उनका व्रत 'सनातन' कैसे रहेगा। अगर डेयरी प्रोडक्ट्स वहां से आएंगे, तो सनातनी और भारतीय व्रत कैसे रखेंगे? यह चिंता की बात है।




# पीएम की लोकसभा में आने की हिम्मत नहीं

## जनरल नरवणे की किताब को राहुल गांधी का मोदी पर तीखा हमला

● मुश्किल वक्त में जिम्मेदारी से किनारा कर लिया और सेना को अकेला छोड़ दिया



**नई दिल्ली।** नराहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब का हवाला देते हुए लद्दाख गतिरोध पर प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला बोला और दावा किया कि यह किताब सरकार की प्रतिक्रिया की सच्चाई उजागर करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लोकसभा में आने की चुनौती दी और कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से उन्हें यह पुस्तक सौंपेंगे जिसमें सेना को संकट के समय 'जो उचित समझो वो करो' कहने का आरोप है। राहुल गांधी ने आज बुधवार को चीन के साथ लद्दाख गतिरोध से निपटने के तरीके को लेकर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने एक नाजुक समय में जिम्मेदारी लेने में विफल रहे और सेना नेतृत्व को अकेला छोड़ दिया। गांधी ने कहा, जो उचित समझो वो करो। संसद परिसर में गांधी ने जनरल नरवणे के अप्रकाशित संस्मरणों की एक प्रति दिखाई और कहा कि वह लोकसभा में प्रधानमंत्री को व्यक्तिगत रूप से यह पुस्तक सौंपने के लिए तैयार हैं।

### संसद परिसर में राहुल गांधी का केंद्रीय मंत्री बिट्टू को कहा गद्दार दोस्त

**नई दिल्ली।** आज संसद परिसर में राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर तीखी टिप्पणियां कीं। राहुल गांधी ने बिट्टू को अपना गद्दार दोस्त कहा, जिस पर बीजेपी नेता ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए गांधी को देश का दुश्मन कहा। जब केंद्रीय राज्य मंत्री कांग्रेस सांसदों के पास से गुजरे तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, 'देखो, एक गद्दार यहीं से गुजर रहा है। इसका चेहरा देखो।'

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 16.0C
● तापमान न्यूनतम : 7.20C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 04 फरवरी, बुधवार, 2026 (3)






सेन्ट जॉन्स स्कूल, मढ़ौली में कक्षा 12 के विद्यार्थियों की विदाई के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं

जनमुख डेस्क

# गोरखनाथ मठ में चढ़ावे की जांच हो

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पर लगाए गंभीर आरोप





**● रुपये-पैसे के बजाय अब सोने चांदी का चढ़ावा क्यों?**

**वाराणसी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि गोरखनाथ मठ में आ रहे चढ़ावे की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि योगी जब से मुख्यमंत्री बने हैं, तब से लेकर अब तक और जब वे मुख्यमंत्री नहीं थे, तब भी मठ में कितनी राशि चढ़ाई गई, इसकी जांच कराई जाए। अजय राय ने आरोप लगाया कि योगी के मठ में अब पैसे के चढ़ावे के बजाय सोने का चढ़ावा लिया जा रहा है। अजय राय ने अपने कैंप कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी ने मदरसे की फंडिंग की जांच करने का आदेश दिया है। ऐसे में गोरखनाथ मंदिर में आ रहे चढ़ावे की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के सामने नतमस्तक हो चुके हैं और पूरा देश परेशान है। राय ने यह भी कहा कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद में देश की सुरक्षा की बात उठाने की कोशिश की, तो उन्हें बोलने नहीं दिया गया, जो कि संविधान का हनन है। इसी संदर्भ में कांग्रेस पार्टी संविधान संवाद सम्मेलन का आयोजन कर रही है। इस क्रम में 8 फरवरी को शास्त्री घाट पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के पांच सांसद और काशी की जनता भाग लेंगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम संविधान, धर्म, जाति और भाषा के नाम पर हो रहे खिलवाड़ को उजागर करेंगे। अजय राय ने कहा कि योगी आदित्यनाथ को अपनी सरकार के कार्यों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गोरखनाथ मठ में चढ़ावे की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक स्वतंत्र जांच की आवश्यकता है। राय ने यह भी कहा कि जब तक इस मामले की जांच नहीं होती, तब तक लोगों का विश्वास मठ पर बना रहना मुश्किल है। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि योगी सरकार की नीतियों के कारण आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। अजय राय ने योगी आदित्यनाथ की सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए गोरखनाथ मठ में चढ़ावे की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यह जांच न केवल मठ की पारदर्शिता के लिए आवश्यक है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि जनता का विश्वास बना रहे।

## यूजीसी का समर्थन में वीडियो पोस्ट करने पर छात्र की पिटाई

**● आयोजित कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो साझा की थीं**




**वाराणसी।** बीएचयू के राजाराम हास्टल में मंगलवार की रात एक गंभीर विवाद उत्पन्न हो गया। यह विवाद फेसबुक पर एक पोस्ट को लेकर छात्रों के दो गुटों के बीच हुआ। आरोप है कि यूजीसी के समर्थन में निकाले गए जुलूस का वीडियो और फोटो फेसबुक पर साझा करने के कारण सामान्य वर्ग के कुछ छात्रों ने ओबीसी वर्ग के एक छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। आदर्श कुमार नामक ओबीसी वर्ग के छात्र ने अपने फेसबुक अकाउंट से यूजीसी के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो साझा की थीं। इस पोस्ट से नाराज दूसरे गुट के छात्रों ने इस घटना को अंजाम दिया। पीड़ित छात्र आदर्श ने बताया कि वह एमए प्रथम वर्ष का छात्र है और इतिहास की पढ़ाई कर रहा है। पिटाई के कारण उसे पेट और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।

## खिलाड़ियों के परिवार के लिए बन रही कीमती बनारसी साड़ी

वाराणसी। बनारस में टी20 विश्व कप के लिए विशेष तैयारी चल रही है। भारतीय क्रिकेटरों के परिवारों को भेंट देने के लिए हल्के नीले रंग की बनारसी सिल्क साड़ियाँ बनाई जा रही हैं। इन साड़ियों पर क्रिकेट के प्रतीक उकेरे गए हैं, जिनकी लागत 25-30 हजार रुपये है। यह पहल स्थानीय बुनकरों को बढ़ावा देती है।

## तकनीकी कार्मिकों एवं कृषि सखियों का प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत मंगलवार को संभागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र पर नेशनल प्रोजेक्ट ऑन स्वाइल हेल्थ एवं फर्टिलिटी कार्यकम के अन्तर्गत तकनीकी कार्मिकों एवं कृषि सखियों का प्रशिक्षण कार्यशाला किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन उप कृषि निदेशक (शोघ) शिव कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में अधिकारी गण के रूप में जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह द्वारा मृदा एवं पर्यावरण को बनाये रखने के लिए यूरिया डीएपी एवं अन्य रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरक नैनो यूरिया, नैनो डी0ए0पी0 एवं अन्य सुक्ष्म पोषक तत्वों युक्त नैनो उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

## 18 पुराने वार्डों में सीवर की नई पाइप लाइन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** शहर के 18 पुराने वार्डों में सीवर की नई पाइप लाइन बिछाने की तैयारी है। 'अमृत-2.0' योजना के तहत शासन ने इसकी मंजूरी भी दे दी है । प्रथम चरण में 18 में से 13 वार्डों में 529.39 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को हरी झंडी देते हुए इसकी प्रथम किश्त के रूप में 97.29 करोड़ रुपये की धनराशि भी अवमुक्त कर दी है। इसमें नई सीवर लाइन बिछाने और घर-घर कनेक्शन देना भी शामिल है । इसमें शिवाला, नगवा, भदैनी, जंगमबाड़ी और बंगाली टोला जैसे वार्ड शामिल हैं। इसके अलावा हुकुलगंज, नई बस्ती, शिवपुरवां, तुलसी-पुर, बिरदोपुर, और कीर्तिविशेश्वर वार्डों में भी सीवर नेटवर्क का जाल बिछाया जाएगा।

## नियम-कानून के दायरे में निकलेगी बारात

**● शराब पीकर कमर मटकाने वालों की खबर लेगी पुलिस, 33 फीसदी सड़क पर ही चलेंगे बाराती**



**वाराणसी।** शहर की सड़कों पर बरात और ट्रैफिक अब बिना किसी रुकावट के साथ-साथ चलेंगे। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने इस संबंध में म्यूजिक सिस्टम, बैंड बाजा और बरात घर संचालकों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में सभी ने नियमों का पालन करने पर सहमति जताई। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने यातायात पुलिस लाइन के सभागार में कहा कि शादी का सीजन जल्द ही शुरू होने वाला है, जिसमें शहर से लेकर कस्बाई इलाकों तक बरातें निकलेंगी। इस दौरान सड़क पर जाम लगने से आम जनता को परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि यह संभव नहीं है कि हर बरात के साथ पुलिसकर्मी यातायात को सुचारु रखने के लिए मौजूद रहें। इसलिए, बैंड बाजा संचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे सड़क का 33 फीसद हिस्सा कवर करें, ताकि शेष हिस्से पर ट्रैफिक सुचारु रूप से चल सके।

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण आरंभ




**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नागरिक सुरक्षा प्रधान कार्यालय (चेतगंज) में सात दिवसीय नागरिक सुरक्षा वार्डेन एवं स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का तीसरा चरण मंगलवार से शुरू हुआ। उप नियंत्रक सिविल डिफेंस जितेन्द्र देव सिंह की देखरेख में डिप्टी चीफ वार्डेन अविनाश अग्रवाल, डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। शिविर में 120 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। पहले और दूसरे चरण में 120-120 कुल 240 स्वयंसेवक प्रशिक्षित हो चुके हैं।

## रंगोली और पुष्प वर्षा से विद्यार्थियों को विदाई

**● समारोह में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**




**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सेन्ट जॉन्स स्कूल, मढ़ौली के परिसर में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का स्वागत रंगोली, पुष्प वर्षा तथा स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ किया गया। समारोह के दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर फादर सुसई राज ने विद्यार्थियों को उनके कर्तव्य बोध से परिचित कराते हुए एक आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को माता-पिता व गुरु की भूमिका व महत्व से भी परिचित कराया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अन्त में राष्ट्रगान से कार्यक्रम को विराम दिया गया।

## पार्कों में गंदगी और अतिक्रमण पर अब होगा चालान

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नगर निगम ने 'पार्क प्रबंधन एवं संरक्षण उपविधि 2025-26' का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसके तहत पार्कों में गंदगी फैलाने, अवैध कब्जा करने या पेड़ों को नुकसान पहुंचाने पर अब केवल चेतावनी नहीं मिलेगी, बल्कि आपकी जेब भी ढीली होगी। नए नियमों के अनुसार, पार्कों के भीतर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण या दुकान/ठेला लगाना। बिना अनुमति निर्माण कार्य करना या विज्ञापन सामग्री रखना। पेड़-पौधों को काटना या नुकसान पहुंचाना। पार्क परिसर में शराब, तंबाकू या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन। पालतू पशुओं (कुत्तों आदि) को खुला छोड़ना। कचरा फैलाना और पार्क की लाइटिंग या उपकरणों को क्षति पहुंचाना शामिल है । यदि किसी व्यक्ति को लगता है कि उस पर गलत जुर्माना लगाया गया है, तो वह दंड आदेश के विरुद्ध 15 दिनों के भीतर नगर आयुक्त के समक्ष अपनी अपील प्रस्तुत कर सकता है।






## मलीन बस्तियों के बहुरेंगे दिन

**● दशाश्वमेध व अस्सी घाट पर वाई-फाई की सुविधा मुफ्त**



जनमुख डेस्क

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** मलीन बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं का होगा विस्तार किया जाएगा, सर्वे कर एक माह के भीतर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया है। अस्सी और दशाश्वमेध घाट पर इसी माह के अंत तक फ्री वाई-फाई सुविधा मिलेगी। नगर निगम ने साइकिल, रिक्शा, रिक्शा ट्राली, ठेला हाथ ठेला को लाइसेंस शुल्क पूरी तरह से मुक्त कर दिया है । अब साइकिल, रिक्शा, रिक्शा ट्राली और हाथ ठेला संचालकों को लाइसेंस के लिए निगम के चक्कर नहीं काटने होंगे और न ही कोई शुल्क देना होगा। साथ ही अन्य सभी उपविधियों के सरलीकरण और लाइसेंस प्रक्रिया को ऑनलाइन करने का निर्णय लिया गया है।

### मीट-मांस की दुकानों के लिए शहर के बाहर बनेगा बाजार

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नगर निगम अब शहर के भीतर अनियंत्रित रूप से चलने वाली मीट और मांस की दुकानों को व्यवस्थित करने जा रहा है। निगम ने इसके लिए शुरुआती दौर में पिसौर क्षेत्र, चितईपुर, रामनगर और सुजाबाद के बीच, सारनाथ ऐढ़े में स्थानों को चिन्हित किया गया है। अत्याधुनिक दुकानों में पार्किंग की भी सुविधा होगी । महापौर ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया है कि इन स्थानों पर बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए जल्द से जल्द विस्तृत आख्या और बजट प्रस्ताव पेश करें।

### गड्ढा मुक्त होंगे पंचक्रोशी मार्ग

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** 15 फरवरी को होने वाली महाशिवरात्रि और इस अवसर पर होने वाली एक दिवसीय पंचक्रोशी यात्रा को ध्यान में रखते हुए महापौर ने 12 फरवरी तक सभी संबंधित कार्यों को पूर्ण करने की डेडलाइन तय की है। महापौर की अध्यक्षता में मंगलवार को निगम के सभागार में हुई कार्यकारिणी में उपविधियों की जटिल प्रक्रियाओं को समाप्त कर सरल बनाने की सहमति बनी।


जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ



प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## भदोही समाचार

### ATM बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार




**भदोही।** पुलिस ने एटीएम बदलकर ठगी करने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में दुर्गागंज थाना पुलिस ने की। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिवम सिंह उर्फ चंचल सिंह (24) पुत्र सुरेश सिंह के रूप में हुई है, जो प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र के समहाटेला का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से ठगी में इस्तेमाल की गई अपाचे आरटीआर मोटरसाइकिल, 2000 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। यह गिरफ्तारी दुर्गागंज थाना क्षेत्र के शेरपुर गोपलहा निवासी मेहीलाल की शिकायत पर हुई। मेहीलाल ने बताया था कि 20 जनवरी को उनकी बहन आशा देवी जब दुर्गागंज बाजार स्थित एसबीआई एटीएम पर थीं, तब तीन युवकों ने बातों में उलझाकर उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। इसके बाद 20 और 21 जनवरी 2026 को उनके खाते से कुल 75 हजार रुपये निकाल लिए गए। इस संबंध में थाना दुर्गागंज में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त शिवम सिंह ने बताया कि उसका चार सदस्यीय गिरोह है। यह गिरोह विभिन्न बैंकों के फर्जी एटीएम कार्ड रखता था।

## बलिया समाचार

### कार की टक्कर में कांस्टेबल की मां गंभीर

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के बिड़हरा ग्राम के सामने दो कार टक्कर हो गई। हादसे में कार का एयरबैग खुल जाने के चलते बड़ा हादसा टल गया। कार में देवरिया में तैनात एक कांस्टेबल का परिवार बच गया। वहीं, कार सवार 60 वर्षीया महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गाजीपुर जनपद के मीरपुर थाना क्षेत्र निवासी कांस्टेबल शैलेश कुमार देवरिया जनपद के बरहज में तैनात हैं। वह अपने परिवार के साथ गाजीपुर से देवरिया जा रहे थे। इस बीच विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही कार की सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें कांस्टेबल की मां दुर्गावती, पत्नी और दो बेटियां सवार थीं। टक्कर से वाहनों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घायल दुर्गावती देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर स्थिति के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सुल्तानपुर समाचार

### धूमधाम से मनाया गया शब-ए-बारात



**सुल्तानपुर।** मंगलवार रात शब-ए-बारात का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम बहुल इलाकों में विशेष तैयारियां की गईं। मस्जिदों और कब्रिस्तानों को सजाया गया, वहीं घरों में भी महिलाओं ने पकवान बनाकर फातिहा पढ़ा। इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीने की 15वीं रात को शब-ए-बारात मनाई जाती है, जिसे एक पवित्र रात माना जाता है। इस रात मुसलमान इबादत करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं। यह पर्व इबादत, गुनाहों की माफी और पूर्वजों को याद करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

इस अवसर पर सुल्तानपुर के गभड़िया स्थित तकिया कब्रिस्तान, घासीगंज कर्बला स्थित शिया कब्रिस्तान, ईदगाह कब्रिस्तान और पांचोपीरन जैसे विभिन्न कब्रिस्तानों में लोगों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने अपने माता-पिता और रिश्तेदारों की कब्रों पर मोमबत्तियां जलाईं और फातिहा पढ़ा। शहर की प्रमुख मस्जिदों और दरगाहों को भी सजाया गया था। रात भर नमाज, कुरान की तिलावत और दुआओं का सिलसिला जारी रहा। पांचोपीरन दरगाह और नकराही में बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे। लोगों ने अपने घरों के साथ-साथ देश के अमन-चैन के लिए भी दुआएं मांगीं। एक विशेष परंपरा के तहत, शिया समुदाय के श्रद्धालु सुबह की नमाज के बाद शहर के गोमती पुल पर एकत्र हुए।

## देवरिया समाचार

### मोमोज की लत में किशोर ने मां के साथ दादी की तिजोरी भी कर दिया खाली

**रामपुर कारखाना।** मोमोज खाने की लत ने एक किशोर को ऐसा रास्ता दिखाया कि उसने अपने ही परिवार की तिजोरी खाली कर दी। मामला रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के भगवानपुर तिवारी गांव का है, जहां पुजारी के बेटे ने एक वर्ष के भीतर धीरे-धीरे करके मां, दादी और दो बुआ के करीब 85 लाख रुपये के जेवर दुकानदारों को दे दिए। घटना का खुलासा होने के बाद पुलिस किशोर समेत एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, किशोर को मोमोज खाने की आदत लग गई थी। शुरुआत में उसने अपनी मां की आलमारी में रखे जेवर एक-एक कर निकालकर दुकानदारों को देना शुरू किया। इसके बदले वह मोमोज और अन्य सामान लेता रहा। कुछ समय बाद दुकानदारों ने उससे और जेवर लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया।

## मऊ समाचार

### निजी अस्पताल में इलाज में लापरवाही से महिला की मौत



**मऊ।** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में डिलीवरी के बाद एक महिला की वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई।

परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बलिया जनपद के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र की निवासी सुमन (पत्नी जितेंद्र) को प्रसव पीड़ा होने पर मधुबन थाना क्षेत्र के सभरनपुर स्थित अपने मायके से कटघरा के कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी, जिसके बाद ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद महिला को लगातार रक्तस्राव हो रहा था, जो रुकने का नाम नहीं ले रहा था। कुछ समय बाद जब महिला खतरे से बाहर आने लगी, तो चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने महिला को लेकर कई अस्पतालों के चक्कर लगाए, लेकिन किसी ने भर्ती नहीं किया। अंततः, परिजन उसे वाराणसी के पॉपुलर अस्पताल ट्रामा सेंटर ले गए, जहां मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने कृष्णा अस्पताल पर गलत टांका लगाने से रक्तस्राव बढ़ने का गंभीर आरोप लगाया है और इस संबंध में थाने को तहरीर दी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया।

## मीरजापुर समाचार

### एस0आई0आर0 नोटिस सुनवाई के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के पदाधिकारियो/प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**मीरजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुपालन में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा मतदाता सूची विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के दृष्टिगत आज कलेक्ट्रेट सभागार में रोल आब्जर्वर/मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश ने जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियो/प्रतिनिधियो एवं समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक कर एस0आई0आर0 के दौरान राजनैतिक दलो के समक्ष आने वाले दिक्कतो एवं शिकायतो को गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मा0 विधायक छानबे रिंकी कोल के अलावा जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी देवी प्रसाद चौधरी, जिला अध्यक्ष बासपा अलगू राम भारती, जिला उपाध्यक्ष सद्दाम राईन, मण्डल अध्यक्ष भाजपा सुरेश सिंह, विभू कुमार, इतिस्याक खान कांग्रेस पार्टी, मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पार्टी ज्ञान प्रकाश दूबे, राकेश बिन्द, पूर्व विधायक राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी भगवती प्रसाद चौधरी, प्रवक्ता कांग्रेस पार्टी छोटे खान, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अपना दल एस उदय सिंह पटेल, प्रदेश सचिव आम आदमी पाटर्ह रमा शंकर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी सुनील कुमार पाण्डेय, इन्द्र बहादुर, विकास कुमार सिंह, रामसागर राव, चन्दन यादव सहित अन्य दलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहें। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त बी0एल0ओ0 को बूथो पर उपस्थिति सुनिश्चित कराए तथा अधिक से अधिक पात्रता वाले व्यक्तियो को फार्म–6 भरवाना सुनिश्चित करवाए जिससे अर्ह मतदाता का नाम सूची में शामिल हो सकें।

## आजमगढ़ समाचार

### प्रेम विवाह के बाद ससुराल में रह रहे युवक की मौत

**आजमगढ़।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के दुरावल गांव स्थित ससुराल में रह रहे सुनील यादव (30) की सोमवार की रात मौत हो गई। आरोप है कि साढ़ू, साढ़ू की पत्नी और सास ने बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसे गंभीर चोट आई।पिता की तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के गौरवा गांव निवासी सुनील यादव ने आठ साल पहले रॉबर्टसगंज कोतवाली क्षेत्र के शीशम से प्रेम विवाह रचाया था। पत्नी के बड़ी बहन की शादी उसी के गांव के रहने वाले उपेंद्र पासवान से हुई थी। शादी के बाद वह पत्नी के साथ ससुराल में ही रहता था। शादी के बाद उन्हें दो बच्चे भी पैदा हुए। ढाई माह पहले तीसरी बार प्रसव के दौरान शीशम की मौत हो गई। आरोप है कि इसके बाद उसके साढ़ू उपेंद्र, उपेंद्र की पत्नी सुधा और सास मानमती उसे जाने के लिए कहने लगे।

## प्रतापगढ़ समाचार

### पुलिस पर हमला, हाईवे किया जाम, सूरज श्रीवास्तव की मौत के बाद हुए बवाल 23 गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के साहूमई के रहने वाले सूरज श्रीवास्तव की मौत के बाद बवाल के दौरान रविवार को पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले 23 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से 23 लकड़ी के डंडे, दो लोहे की सरिया और छीना गया एक सीयूजी मोबाइल नंबर बरामद किया गया। सोमवार की शाम सभी पकड़े गए आरोपियों का चालान न्यायालय भेजा गया। मानिकपुर के साहूमई के रहने वाले सूरज श्रीवास्तव की जहरीला पदार्थ खाने के कारण शुक्रवार को मौत हो गई। उसकी मां ने बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए प्रधानपति समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। गिरफ्तारी की जिद पर अड़े परिजन व ग्रामीण रविवार की शाम शव लेकर हाईवे जाम करने पहुंचे। जहां शव की छीनाझपटी के दौरान ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों में टकराव हो गया। देखते ही देखते उनके बीच मारपीट और पथराव होने लगा। हमले में थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, दरोगा देवीदीन बुंदेला समेत 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए। बवालियों ने जीप तोड़ते हुए सरकारी सीयूजी मोबाइल भी छीन लिया। रात में ही थानाध्यक्ष ने नामजद व अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। रात में ही पुलिस आरोपियों की धरपकड़ करने लगी। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए मृतक सूरज के घर के आसपास रहने वाले पुरुष घर छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस का दावा है कि मलिक बिटियन मेला ग्राउंड में मौजूद आरोपी थाना फूंकने व फिर से पुलिसकर्मियों पर हमला करने की योजना बनाते समय पकड़े गए। गिरफ्तार 23 आरोपियों में मृतक की मां सुनीता समेत परिजन और पड़ोसी शामिल हैं। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का चालान न्यायालय भेजा गया। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## चंदौली समाचार

### बोरे का बंडल गिरने से महिला घायल, इलाज के दौरान मौत

**पड़ाव।** जलीलपुर चौकी क्षेत्र के जलीलपुर बगीचा वाले मार्ग स्थित बोरा बनाने वाली फैक्टरी में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। काम के दौरान महिला मजदूर संजू देवी (50) के ऊपर बोरे का भारी बंडल गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। रामनगर थाना क्षेत्र के सूजाबाद निवासी संजू देवी बोरे की फैक्टरी में मजदूरी करती थी। सोमवार को दोपहर में लंच के बाद काम के दौरान बोरे का भारी बंडल उसके ऊपर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों और सहकर्मियों ने उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया। महिला के बड़े बेटे सोमारू ले बताया कि हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने वाराणसी ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया, जहां देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई।

## गोरखपुर समाचार

### डोमिनगढ़ पुल पर युवती ने ट्रेन से कटकर जान देने की कोशिश, पैर कटे

**गोरखपुर।** दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस से मंगलवार शाम एक युवती ने कट कर जान देने की कोशिश की। तिवारीपुर के डोमिनगढ़ पुल के पास वह रेलवे ट्रैक पर खड़ी हो गई। लोको पायलट ने युवती को देख बचाने के लिए इमरजेंसी ब्रेक लगाया लेकिन इंजन की चपेट में उसका पैर आ गया। युवती का एक पैर पूरी तरह से कटकर अलग हो गया। जबकि दूसरा भी आधा से ज्यादा कट गया। युवती की पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, पहचान होने के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर उसने यह कदम क्यों उठाया है। युवती फिलहाल बेहोश है। पुलिस के अनुसार, युवती की उम्र 25 साल के करीब है। वह रेलवे ट्रैक के पास मौजूद थी। गोरखपुर से दिल्ली की तरफ जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस जैसे ही डोमिनगढ़ रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी, रेल पुल के पास लोको पायलट को ट्रैक पर खड़ी युवती दिखाई दी। लोको पायलट ने हटने का इशारा किया लेकिन युवती नहीं हटी। इसके बाद उसने इमरजेंसी ब्रेक मारकर ट्रेन रोकने की कोशिश की लेकिन स्पीड होने के चलते ट्रेन के अगले पहिए की चपेट में युवती आ गई। उसके दोनों पैर पर पहिया चढ़ गया था। ट्रेन को पीछे कर उसे किसी तरह से निकाला गया लेकिन उसका एक पैर पूरी तरह कट चुका था। तिवारीपुर थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जौनपुर समाचार

### चाउमीन खाने जा रहे युवक की हादसे में मौत

**जौनपुर।** पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पहचान रोमिश कुमार (22) निवासी सीधा जैगहां के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक रोमिश अपने चचेरे भाई परंकुल (12) के साथ बाइक से जैगहां बाजार चाउमीन खाने जा रहा था। इसी दौरान गांव के मोड़ पर सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से बचने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में रोमिश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके चचेरे भाई को मामूली चोट आई।लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी ले जाया गया। लेकिन वहां चिकित्सक के मौजूद नहीं होने से परिजन इधर-उधर भटकते रहे।

## सोनभद्र समाचार

### जल जीवन मिशन ( शहरी एवं ग्रामीण ) पेयजल परियोजनाओं की जिलाधिकारी ने की बिंदुवार समीक्षा



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/ निर्माणाधीन 12 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की प्रगति एवं जलापूर्ति में आ रही समस्याओं, विद्युत संयोजन/ आपूर्ति, रोड रेस्टोरेशन तथा ग्रामीण सड़कों के चैड़ीकरण में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के निराकरण सम्बन्धित समीक्षा बैठक किये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित शहरी एवं ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा किये, जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि हर घर नल से जल योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में निर्धारित मानकों के अनुरूप नियमित एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली, उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य केवल संरचना निर्माण नहीं, बल्कि हर परिवार तक निर्बाध पेयजल पहुंचाना है। जिन ग्राम पंचायतों में पाइपलाइन, टंकी अथवा घरेलू नल कनेक्शन का कार्य अधूरा है, वहां कार्य में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। बैठक में पटवध पेयजल योजना की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए लापरवाही बरतने वाले सम्बन्धित अधिकारी को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मार्च माह तक उक्त योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो संबंधित फर्म के विरुद्ध विधिक कार्रवाई हेतु शासन स्तर पर पत्राचार किया जाएगा। साथ ही कार्यदायी संस्था को समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने तथा साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जनपद में संचालित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल योजना के 12 परियोजनाओं के द्वारा ग्राम पंचायतों में किये जा रहे पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में जिलधिकारी ने विन्दुवार जानकारी ली, जिलाधिकारी ने कहा कि पेयजल परियोजनाओं के कार्य के दौरान जिन सड़कों की खुदाई की गयी है।

## गाजीपुर समाचार

### राजेश अध्यक्ष तो चंदन महामंत्री निर्वाचित



**औड़िहार।** सैदपुर दी बार एसोसिएशन सैदपुर का चुनाव मंगलवार को संपन्न हो गया। इसमें राजेश सिंह अध्यक्ष, उमाशंकर यादव उपाध्यक्ष, अनिल कुमार कोषाध्यक्ष, अंगद कुमार आय व्यय निरीक्षक और चंदन कुमार महामंत्री पद पर निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, संजीव पांडेय और रामानंद यादव ने बताया कि सैदपुर दी बार एसोसिएशन का चुनाव सुबह 10 बजे से शुरू हो गया। दोपहर दो बजे तक मतदान हुआ। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर राजेश सिंह को 60 मत मिले, जबकि प्रेम नारायण यादव 55 को मत पर ही संतोष करना पड़ा। ऐसे में राजेश सिंह अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर उमाशंकर यादव 92 मतों के साथ विजयी रहे। जबकि श्याम कुमार को 77 मत ही मिले। कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर अविनाश चंद्रपाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार 102 मत पाकर विजयी हुए। महामंत्री के पद पर चंदन कुमार को 124 मत मिला, जबकि ओम प्रकाश यादव 45 मतों पर ही संतोष करना पड़ा। आय व्यय निरीक्षक के पद पर अंगद कुमार 126 मतों से विजयी रहे।

## लाइफ मंत्र

### फरवरी में इस तिथि को रखा जाएगा विजया एकादशी व्रत, जानें शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और पारण समय

फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को विजया एकादशी का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित होता है और इसे अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीराम ने भी रावण पर विजय प्राप्त करने से पूर्व विजया एकादशी का व्रत किया था। मान्यता है कि इस व्रत को श्रद्धा और विधिपूर्वक करने से जीवन में विजय, सुख-समृद्धि और सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है।

वर्ष 2026 में विजया एकादशी का व्रत 13 फरवरी को रखा जाएगा। आइए जानते हैं इस दिन का शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और पारण का सही समय।



**विजया एकादशी 2026 तिथि और शुभ मुहूर्त**

**पंचांग के अनुसारः**

**एकादशी तिथि प्रारंभः** 12 फरवरी 2026, दोपहर 12:22 बजे

**एकादशी तिथि समाप्तः** 13 फरवरी 2026, दोपहर 2:25 बजे

उदयातिथि के अनुसार विजया एकादशी का व्रत 13 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को रखा जाएगा।

**विजया एकादशी 2026 पारण का समय**

**पारण तिथिः** 14 फरवरी 2026 (शनिवार)

**पारण का शुभ समयः** सुबह 7:07 बजे से सुबह 9:26 बजे तक

**द्वादशी तिथि समाप्तः** दोपहर 4:01 बजे

धार्मिक मान्यता के अनुसार, एकादशी व्रत का पारण द्वादशी तिथि के भीतर ही करना अनिवार्य होता है। द्वादशी समाप्त होने के बाद पारण न करना दोषपूर्ण और पाप के समान माना गया है।

**विजया एकादशी 2026 पूजा विधि**

प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पीले या नारंगी रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है। पूजा स्थान को गंगाजल छिड़ककर शुद्ध करें। चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर भगवान विष्णु की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। घी या तेल का दीपक जलाएं और विष्णु जी को चंदन का तिलक लगाएं। फूल, माला, पंचामृत, तुलसी दल, पीली मिठाई और गुड़-चना अर्पित करें। भगवान विष्णु के साथ माता लक्ष्मी की भी पूजा करें और उन्हें श्रृंगार सामग्री अर्पित करें। विजया एकादशी की कथा का पाठ करें और मंत्र जाप करें। अंत में भगवान विष्णु की आरती करें।

**विजया एकादशी के दिन जप करने योग्य मंत्र**

**ॐ नमोः नारायणाय॥**

**ॐ नमोः भगवते वासुदेवाय॥**

**ॐ श्री विष्णवे च विद्महे वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्॥**

**मङ्गलम् भगवान विष्णुः, मङ्गलम् गरुडध्वजः। मङ्गलम् पुण्डरीकाक्षः, मङ्गलाय तनो हरिः॥**

**विजया एकादशी व्रत का महत्व**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, विजया एकादशी का व्रत करने सेः शत्रुओं पर विजय मिलती है। रुके हुए कार्य पूरे होते हैं। जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

## कैंसर के खिलाफ जंग में Awareness है सबसे बड़ा हथियार, जानिए इसका इतिहास, महत्व और थीम




विश्व कैंसर दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य कैंसर के लक्षणों, इलाज और रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दिवस का इतिहास साल 2000 से जुड़ा है, जब पेरिस में इसकी नींव रखी गई थी ताकि इस घातक बीमारी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत किया जा सके। कैंसर एक घातक और जानलेवा बीमारी है। कैंसर का नाम सुनते ही हर एक व्यक्ति डरने लगता हैं। अगर सही समय पर कैंसर का पता चल जाए, तो इसका इलाज संभव वरना इसे बचना नामुमकिन। आमतौर पर इसका इलाज भी काफी महंगा है, कई बार होता है कि पैसे के अभाव के कारण मरीज का सही से इलाज नहीं हो पाता है। एनसीबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसमें कैंसर सेल्स तेजी से शरीर के अन्य हिस्सों तक फैलने लगते हैं। ये सेल्स शरीर में गांठ बना सकती और आसपास के हेल्दी टिश्यूज को काफी नुकसान पहुंचाती हैं। हालांकि, ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) जैसे कुछ कैंसरों में गांठ नहीं बनती। दरअसल, हर साल लाखों की संख्या में लोग कैंसर की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। इसी कारण से कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए हर साल विश्वभर में कैंसर दिवस मनाया जाता है। हर साल 4 फरवरी को कैंसर दिवस मनाया जाता है। जानें इसका इतिहास, थीम और महत्व।

**क्यों मनाया जाता है विश्व कैंसर दिवस?**

गौरतलब है कि कैंसर का लाइलाज नहीं है, अगर समय पर पहचान और सही इलाज हो। इसके साथ ही यह मरीजों को मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक समर्थन देने का संदेश भी देता है। हर साल 4 फरवरी को कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए World Cancer Day मनाया जाता है।

**वर्ल्ड कैंसर डे की थीम**

आपको बता दें कि, हर साल अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ द्वारा कैंसर दिवस को मनाए जाने के लिए एक विशेष थीम नियुक्त की जाती है। इस साल की थीम है 'United by Unique'। इस थीम का उद्देश्य कैंसर से पीड़ित हर व्यक्ति के निजी यात्रा, जरुरतें और अनुभवों को जोड़ना है। इसे सरल शब्दों में समझें कि यूनाइटेड बाय यूनिक का अर्थ है कि कैंसर से पीड़ित हर मरीज की अपनी कहानी होती है, हालांकि इसके लिए हमें बीमारी पर नहीं, बल्कि व्यक्ति के अनुभवों और जरुरतों पर ध्यान देना जरुरी है।

**वर्ल्ड कैंसर डे का इतिहास**

विश्व कैंसर दिवस की शुरुआत वर्ष 2000 में पेरिस से हुई थी। 4 फरवरी 2000 को पेरिस में 'वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर' का आयोजन किया गया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ (UICC) ने यह विचार रखा कि साल में एक दिन ऐसा निर्धारित होना चाहिए, जब पूरी दुनिया में कैंसर की रोकथाम, उसके लक्षणों और उपचार के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। इसी सोच से विश्व कैंसर दिवस की नींव पड़ी। आज भी कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, अस्पतालों और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों द्वारा लगातार अभियान चलाए जाते हैं।




## High BP का नया टारगेट बच्चे और युवा, Heart Attack से बचना है तो जानें उम्र के हिसाब से सही रीडिंग

**गलत खानपान, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, फिजिकल एक्टिविटी में कमी, तनाव और नींद की अनियमितता की वजह से हाई बीपी की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि बीपी का नॉर्मल रेंज कितनी होनी चाहिए।**

अगर आप भी शरीर को सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं, तो इसके लिए जरूरी है कि आप ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर दोनों को कंट्रोल में रखें। क्योंकि ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर बढ़ने से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। जिन लोगों का अक्सर बीपी हाई रहता है, उनको तंत्रिकाओं, आंखों और किडनी से संबंधित दिक्कतें होने का खतरा रहता है। वहीं यह हार्ट अटैक और हार्ट स्ट्रोक जैसी समस्याओं की वजह बन सकती है। हाई बीपी को हेल्थ एक्सपर्ट 'साइलेंट किलर' भी कहते हैं। क्योंकि इसके लक्षण लंबे समय तक सामने नहीं आते हैं। यह अंदर ही अंदर शरीर के कई अंगों को नुकसान पहुंचाता है। गलत खानपान, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, फिजिकल एक्टिविटी में कमी, तनाव और नींद की अनियमितता की वजह से हाई बीपी की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बीपी का नॉर्मल रेंज कितनी होनी चाहिए और कब आपको सावधान होने की जरूरत होती है।

**हाई बीपी की समस्या**

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो बीपी वह दबाव है, जो ब्लड सर्कुलेशन के दौरान हमारी रक्त वाहिकाओं की दीवारों पर पड़ता है। समस्या यह है कि अधिकतर मामलों में व्यक्ति को इस समस्या का तब तक पता नहीं चलता है, जब तक कोई गंभीर समस्या सामने न आ जाए। वहीं समय रहते इनके लक्षणों को पहचान करना और साथ ही इसको कंट्रोल करने के उपाय करना चाहिए। जिससे कि दिल, दिमाग, आंखों और किडनी को होने वाले स्थायी नुकसान से बचा जा सके। इसके नियमित अंतराल पर अपने बीपी को चेक करते रहें। ऐसे में आइए जानते हैं इसकी रीडिंग कितनी होनी चाहिए।

**कितनी होनी चाहिए बीपी रीडिंग**

बता दें कि 18 साल से अधिक के लोगों के लिए सामान्य बीपी 120/80 mmHg माना जाता है। छोटे बच्चे, जिनकी उम्र 5 से 12 साल के बीच है, उनका बीपी करीब 90/60 से 110/70 mmHg के बीच होना चाहिए। बच्चों में बीपी लंबाई, उम्र और वजन पर निर्भर करता है। इसी तरह से वयस्कों की शारीरिक स्थिति और वेट के हिसाब से ब्लड प्रेशर की रीडिंग अलग हो सकती है। अगर इससे ज्यादा की रीडिंग लंबे समय तक बनी रहती है, तो आपको डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

**बच्चों के क्यों जरूरी बीपी की जांच**

हेल्थ एक्सपर्ट ने एक अध्ययन में पाया कि उम्र बढ़ने के साथ हृदय रोगों की समस्या से बचे रहने के लिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से बच्चों के बीपी की जांच की जाती रहे। वहीं नए अध्ययन में पाया गया है कि 10 साल के कम उम्र के बच्चों में भी हाइपरटेंशन के मामले बढ़ते जा रहे हैं। वहीं 7 साल के बच्चों में उच्च रक्तचाप की समस्या थी। इनमें 50 साल की उम्र तक हृदय रोगों से मृत्यु का खतरा 50% तक ज्यादा था। यानी की अगर कम उम्र से ही ब्लड प्रेशर पर ध्यान दिया जाए, तो यह भविष्य में हृदय संबंधित खतरों को कम करने में सहायक हो सकती है।

## Diabetes Control पर डॉक्टर का बड़ा खुलासा, क्या धूप से घटता है Blood Sugar Level?



एक्सपर्ट्स के अनुसार, धूप लेना डायबिटीज का सीधा इलाज नहीं है, लेकिन यह एक सहायक भूमिका निभा सकता है। सूर्य की रोशनी से मिलने वाला विटामिन D शरीर की इंसुलिन सेंसिटिविटी और मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाता है, जिससे ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

डायबिटीज को लेकर लोगों के मन में यह जिज्ञासा अक्सर रहती है कि क्या दवाओं और खान-पान के परहेज के अलावा कोई प्राकृतिक उपाय भी है, जो ब्लड शुगर को संतुलित रखने में सहायक हो सके। कुछ लोगों का मानना है कि रोजाना थोड़ी देर धूप में बैठने से शुगर लेवल पर सकारात्मक असर पड़ता है, जबकि कुछ इसे केवल एक भ्रम समझते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि इसकी सच्चाई क्या है। दरअसल, डायबिटीज केवल बढ़े हुए ब्लड शुगर तक सीमित बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर के मेटाबॉलिज्म, हार्मोन संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ी होती है। खराब नीदं, तनाव और एक्सरसाइज न करने पर शुगर लेवल बिगाड़ सकता है। आइए जानते है कि धूप लेने से डायबिटीज कंट्रोल कैसे होता है।

**क्या धूप लेने से डायबिटीज कंट्रोल हो सकती है?**

धूप को डायबिटीज का सीधा इलाज नहीं माना जा सकता, लेकिन अगर इसे सही समय और उचित मात्रा में लिया जाए, तो यह शरीर में ऐसे सकारात्मक बदलाव ला सकती है जो डायबिटीज को नियंत्रित करने में मददगार हो सकते हैं। डॉक्टर जी. कृष्ण मोहन रेड्डी के अनुसार, सूर्य की रोशनी विटामिन ऊ प्राप्त करने का सबसे प्राकृतिक माध्यम है। जब शरीर को भरपूर धूप मिलती है, तो त्वचा के माध्यम से विटामिन D का निर्माण होता है, जो शरीर के कई जरूरी कार्यों में अहम भूमिका निभाता है। हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया है कि केवल धूप में बैठने से डायबिटीज कंट्रोल नहीं होती है। न तो यह दवा का विकल्प है और न ही डाइट या एक्सरसाइज का। वहीं, जो लोग रोज धूर लेते हैं उनका मेटाबॉलिज्म बेहतर रहता है और शरीर की इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार देखा जा सकता है। इसका सीधा अर्थ है कि धूप सपोर्टिव रोल निभा सकती हैं, लेकिन इलाज का मुख्य आधार नहीं बन सकती।

- रिसर्च में भी यही पाया गया है कि जिन लोगों में विटामिन-D की कमी होती है, उनमें इंसुलिन रेजिस्टेंस का खतरा अधिक रहता है।
- विटामिन डी शरीर में इंसुलिन की कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में मदद करता है।
- डायबिटीज के मरीजों के लिए रोजाना 15 से 25 मिनट की धूप पर्याप्त मानी जाती है। सुबह की हल्की धूप लेना सेहत के लिए भी अच्छा होता है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682